दिन– सोमवार दिनांक– 23 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पीएम मोदी ने देशभर में पैंतालीस स्थानों पर इकहत्तर हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

02. पटना और मुजफ्फरपुर में आयोजित रोजगार मेले में तेरह सौ से अधिक नवनियुक्त केन्द्रीय कर्मियों को मिला नियुक्ति पत्र।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान पश्चिम चंपारण जिले को सात सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं की दी सौगात।

04. और, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा–बिहार बिजनेस कनेक्ट समिट के दौरान एक लाख इक्यासी हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिला।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले डेढ़ वर्ष में देश के लगभग दस लाख युवाओं को सरकारी नौकरी उपलब्ध करायी गई है। उन्होंने आज वीडियो कांफ्रेंन्स के माध्यम से इकहत्तर हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये रोजगार पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराये जा रहे हैं और नवनियुक्त कर्मी समर्पण और सत्यनिष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्ष से देश के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने का अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले युवाओं को सशक्त बना रहे हैं और उनकी संभावनाओं के द्वार खोल रहे हैं।

———बाईट———

भारत के युवाओं के सामर्थ्य और प्रतिभा का भरपूर उपयोग हमारी सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। रोजगार मेलों के जरिए हम लगातार इस दिशा में काम कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों से सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों और संस्थाओं में सरकारी नौकरी देने का अभियान चल रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि सरकार की नीतियों और निर्णयों के कारण ग्रामीण भारत में रोजगार और स्वरोजगार के नये अवसर निर्मित किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मातृभाषाओं में शिक्षा और परीक्षा की अनुमति देकर तथा तेरह भाषाओं में

भर्ती परीक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के जरिये ग्रामीण युवाओं और सीमांत समुदायों की भाषायी बाधाएं भी हटाई हैं। उन्होंने कहा कि भारत वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित राष्ट्र बनने के लिए प्रतिबद्ध है क्योंकि देश की नीतियां और निर्णय अपने प्रतिभावान युवाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी अनेक योजनाएं शुरू की हैं

———बाईट———

आज जब एक युवा अपना स्टार्टअप शुरू करने का फैसला करता है, तो उससे एक पूरा इकोसिस्टम अपने साथ सहयोग के लिए मिलता है। आज स्पोर्ट्स में ट्रेनिंग से लेकर टूर्नामेंट तक, हर कदम पर युवाओं के लिए आधुनिक व्यवस्थाएं बन रही हैं। आज कितने ही सेक्टर्स में हम कम्पलीट ट्रांसफोर्मेशन देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रत्येक नागरिक को बीमा सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए बीमा शक्ति योजना शुरू की है और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के असंख्य अवसर उपलब्ध कराये हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन दीदी, लखपति दीदी और बैंक सखी योजना जैसे प्रयासों से भी कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध हो रहे हैं। इस अवसर पर कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के राज्य मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इकहत्तर हजार में से लगभग पचास हजार नियुक्तियां अर्द्ध सैनिक बलों में की गई हैं। उन्होंने कहा कि कुल नियुक्तियों में से लगभग इक्कीस हजार नियुक्ति पत्र अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को वितरित किए गए हैं।

———बाईट———

71 हजार नियुक्तियों में से 20 हजार 901 नियुक्तियां ओबीसी समाज में की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त 11 हजार 355 शेड्यूल कास्ट केटिगरी में हैं और छह हजार 862 शेड्यूल ट्राइब में।

———————————————————————————

रोजगार मेले का आयोजन पटना और मुजफ्फरपुर समेत देशभर के पैंतालीस स्थानों पर किया गया। केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने पटना के ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर एसएसबी, सीआरपीएफ, बीएसएफ, असम रायफल्स, डाक विभाग, रेलवे सहित केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों में आठ सौ से अधिक नवनियुक्त केंद्रीय कर्मियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ऊर्फ ललन सिंह ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर आयोजित रोजगार मेले से एनडीए शासन में

केन्द्र सरकार की 10 लाख सरकारी नौकरी उपलब्ध कराने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

---बाईट---

इधर, मुजफ्फरपुर में सीआरपीएफ के झपहां स्थित ग्रुप केन्द्र में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। जहां केन्द्रीय मंत्री राजभूषण चौधरी निषाद ने पांच सौ अस्सी युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

---------------------------------------

नवनियुक्त युवा केन्द्रीय कर्मियों ने नियुक्ति पत्र मिलने पर प्रसन्नता जताई और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

---बाईट---

---------------------------------------

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पश्चिम चंपारण जिले को सात सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक की सौगात दी। आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में पहले दिन मुख्यमंत्री ने वाल्मीकिनगर के जनजातीय बहुल घोटवा गांव में आयोजित समारोह में कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर लोगों से संवाद करते हुए श्री कुमार ने कहा कि गंडक नदी से सटे और उत्तरप्रदेश की सीमा पर स्थित चार प्रखंडों के लिए डिग्री कॉलेज बनाया जायेगा। उन्होंने जिले के चनपटिया औद्योगिक मॉडल की तारीफ की और कहा कि जिले में इसका और विस्तार किया जायेगा। मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए जीविका दीदियों और आंगनबाड़ी सेविकाओं में विशेष उत्साह दिखा। मुख्यमंत्री ने मंझौलिया के धोकरहा पंचायत का भी दौरा किया। यहां उन्होंने मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया। प्रगति यात्रा के दूसरे दिन कल मुख्यमंत्री पूर्वी चंपारण जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

---------------------------------------

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चार जनवरी को गोपालगंज से प्रगति यात्रा का दूसरा चरण शुरू करेंगे। इस संबंध में विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके अनुसार मुख्यमंत्री श्री कुमार दूसरे चरण की प्रगति यात्रा के दौरान गोपालगंज, सीवान,

छपरा, दरभंगा, मधुबनी और समस्तीपुर में विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। दूसरा चरण तेरह जनवरी को पूरा होगा।

———————————————————————————

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा है कि हाल ही में संपन्न बिहार बिजनेस कनेक्ट समिट के दौरान एक लाख इक्यासी हजार करोड़ रूपये का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। श्री मिश्रा ने पटना में प्रदेश बीजेपी कार्यालय में आयोजित संवाददाता कार्यक्रम के दौरान कहा कि निवेशकों ने राज्य के विभिन्न शहरों में परियोजना लगाने की सहमति दी है। इससे संबंधित एमओयू पर भी हस्ताक्षर हुए है। उन्होंने कहा कि इससे बिहार की प्रगति का मार्ग और खुल गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

शिक्षा मंत्रालय ने पांचवी और आठवीं की परीक्षा में छात्रों को फेल करने का नियम फिर से लागू कर दिया है। शिक्षा सचिव संजय कुमार ने बताया कि ऐसे फेल होने वाले छात्रों को दोबारा परीक्षा देने का मौका दिया जायेगा।

———बाईट———

———————————————————————————

उत्तर बिहार को पूरी तरह नक्सल मुक्त करा लिया गया है। एसटीएफ के अपर पुलिस महानिदेशक अमृतराज ने बताया कि दो हजार पच्चीस तक बिहार को नक्सल मुक्त कराने का लक्ष्य रखा गया है।

———बाईट———

———————————————————————————

पटना पुलिस ने सोशल मीडिया के जरिये कॉन्ट्रैक्ट किलिंग में शामिल किंग्स ऑफ कालिया गैंग के दस सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दानापुर के अपर पुलिस

अधीक्षक भानू प्रताप ने बताया कि रूपसपुर थाना क्षेत्र के रूकनपुरा इलाके से इन अपराधियों की गिरफ्तारी की गई है। एएसपी ने बताया कि ये गैंग कॉन्ट्रैक्ट किलिंग, चेन स्नैचिंग, लूट जैसे गंभीर अपराधों में शामिल रहा है। पकड़े गए अपराधियों के पास से दो देशी कट्‌टा, कारतूस, आठ मोबाइल फोन और चोरी की मोटरसाईकिल बरामद की गई है।

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग के सदस्य और वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर अरूण कुमार भगत को मध्यप्रदेश का प्रतिष्ठित आचार्य रामचन्द्र शुक्ल आलोचना पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार उनकी कृति पत्रकारिता, सर्जनात्मक लेखन और रचना प्रक्रिया के लिए दिया जायेगा।

———————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में  दो से तीन डिग्री सेल्सियस तापमान में वृद्धि होने की संभावना है। पूर्वा हवा के प्रभाव से राज्य में मौसम सामान्य बना हुआ है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक रात के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इधर, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार, बांका समेत राज्य के उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों के अधिकतर स्थानों पर घने स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———————————————————————

पूर्णियां जिले के धमदाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोकवा गांव में शराब के नशे में धुत एक युवक ने मामूली विवाद के बाद पिकअप वैन से कई लोगों को कुचल दिया। इस घटना में तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई जबकि आठ अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं।

———————————————————————

अररिया जिले के घुरना थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा के पास पुलिस छापेमारी अभियान चलाकर दस किलोग्राम गांजा जब्त किया है।

—————————————————————————

कैमूर जिले के संयुक्त कृषि भवन परिसर में आज से दो दिवसीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। कृषि और उद्यान विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन जिला कृषि पदाधिकारी रेवती रमण ने किया।

—————————————————————————

यूथ आइकॉन ऑफ बिहार और समाजसेवी नीशिकांत सिन्हा ने समस्तीपुर में जन आशीर्वाद संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास से बिहार से पलायन रूकेगा।

—————————————————————————

पटना के जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने आज विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर दावा आपत्ति को लेकर विचार विमर्श किया। वहीं, राज्य के कई अन्य जिलों में भी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों ने राजनीतिक दलों के साथ चर्चा की ।

—————————————————————————

शेखपुरा के पचना में केनरा बैंक ने जीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए ऋण वितरण समारोह का आयोजन किया।

—————————————————————————

पटना जिले के मेहंदीगंज थाना क्षेत्र में एक पत्तल फैक्ट्री में भीषण अगलगी की घटना में लाखों की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

—————————————————————————

01. वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पीएम मोदी ने देशभर में पैंतालीस स्थानों पर इकहत्तर हजार से अधिक नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

02. पटना और मुजफ्फरपुर में आयोजित रोजगार मेले में तेरह सौ से अधिक नवनियुक्त केन्द्रीय कर्मियों को मिला नियुक्ति पत्र।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रगति यात्रा के दौरान पश्चिम चंपारण जिले को सात सौ अस्सी करोड़ रूपये से अधिक की परियोजनाओं की दी सौगात।

04. और, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा–बिहार बिजनेस कनेक्ट समिट के दौरान एक लाख इक्यासी हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव मिला।

————————————————————————

समाप्त